मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 117
शनिवार, 09 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## केवल बैसाखियों पर ही जिंदा कांग्रेसः पीएम मोदी

**नासिक, 08 नवम्बर।** महाराष्ट्र के नासिक में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के पहले दिन मुझे नासिक की पुण्य भूमि पर आने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर की 500 साल की प्रतीक्षा पूरी हुई, जब प्रभु राम एक बार फिर वापस आए, तब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिनों के मेरे व्रत अनुष्ठान की शुरूआत यहीं नासिक से शुरू हुई थी। मुझे कालारम मंदिर में सफाई और सेवा का अवसर भी मिला था। आज एक बार फिर 'विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत' के लिए मैं नासिक का आशीर्वाद लेने आया हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश नए रिकॉर्ड बना रहा है, क्योंकि आज देश में गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है। जब गरीब आगे बढ़ता है, तभी देश आगे बढ़ता है। इतने दशकों तक कांग्रेस और उसके साथियों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया फिर भी गरीब रोटी, कपड़ा और मकान के लिए मोहताज रहा। लेकिन बीते 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि आज आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स में महाराष्ट्र बहुत आगे है। यहां हाई-वे, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। आधुनिक तकनीकी के क्षेत्रों में यहां निवेश हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई सरकार ये काम रोक दे, तो क्या महाराष्ट्र आगे बढ़ पाएगा, महाराष्ट्र के युवाओं को क्या रोजगार के अवसर मिल पाएंगे?



अगर ये काम रूके तो महाराष्ट्र काफी पीछे छूट जाएगा। कांग्रेस और उसके साथी यही चाहते हैं, उनका यही एजेंडा है। महाराष्ट्र में कोई भी बड़ा काम होता है, तो ये लोग उसका विरोध करने आ जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले लोग देश को पीछे करने का, देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इन लोगों ने डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में देश को पीछे करने के लिए क्या कुछ नहीं किया !मोगी ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस और इसके साथियों को न बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की परवाह है, ना कोर्ट की और ना ही देश की भावना की। ये सिर्फ दिखावे के लिए जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। ये कांग्रेस वाले ऐसे हैं, जिन्होंने 75 साल तक जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब के संविधान को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में आर्टिकल 370 को फिर से लागू करने के लिए हंगामा हुआ। ये लोग कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर से बाबा साहेब का संविधान हटा दिया जाए। ये लोग चाहते हैं कि दलितों को, वाल्मिकी समाज को जो आरक्षण 25 साल बाद मिला है, उसे छीन लिया जाए।

विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जनता भी इनकी असलियत जान गई है। महाराष्ट्र की जनता भी देख रही है, एक तरफ महायुति का घोषणा पत्र है, तो वहीं दूसरी तरफ महाअघाड़ी का घोटाला पत्र है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने कांग्रेस की हरकतों के कारण उसे पूरी तरह से खारिज कर दिया है। कांग्रेस अब ऑल इंडिया कांग्रेस नहीं बची! कांग्रेस अब परजीवी कांग्रेस बन चुकी है। ये कांग्रेस पार्टी अब केवल बैसाखियों पर ही जिंदा है।

महाराष्ट्र हो, उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, झारखंड हो... ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस दूसरी पार्टियों के सहारे ही चुनाव लड़ने की हालत में है। क्योंकि ये पक्का है, जहां कांग्रेस और उसके साथी होंगे, वहां घोटाला होगा ही होगा। ये लोग ऐसी योजनाओं की घोषणा करते हैं, जिसमें ज्यादा से ज्यादा भ्रष्टाचार हो सके।नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के रहते ओबीसी कभी इतना एकजुट नहीं हो पाया। ओबीसी को आरक्षण भी तभी मिला जब कांग्रेस सरकार हटी। नेहरू जी के समय में कांग्रेस ने ओबीसी को अलग-अलग जातियों में बांटकर रखा, फिर इंदिरा गांधी का भी वही रवैया रहा और राजीव गांधी का भी वही हाल रहा।

## पार्टी कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं : अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली, 08 नवम्बर।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व शुक्रवार को कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं।

केजरीवाल ने पार्टी कार्यकताओं को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो संदेश में उनसे (कार्यकताओं) अगले दो-तीन महीने चुनावों के लिए देने का आग्रह किया और कहा कि आप देश के लिए एकमात्र उम्मीद है। उन्होंने कहा, आप हमारे देश के लिए एकमात्र उम्मीद है। मैं अपने सभी कार्यकताओं से आग्रह करता हूं कि वे अगले दो-तीन महीने तक सब काम छोड़कर चुनाव के काम में लग जाएं।

आप प्रमुख ने कहा कि पार्टी के खिलाफ जो ताकतें हैं वे विधानसभा चुनावों में हमें हराने के लिए कुछ भी करेंगी, लेकिन हम ऐसी ताकतों को जीतने नहीं देंगे।

## छत्तीसगढ़ में फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 2 हुए ढेर

**बीजापुर, 08 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जारी सूचना के मुताबिक, घटना आज सुबह करीब 11 बजे की है, जब सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज सुबह करीब 11 बजे उसूर-बासागुड़ा-पामेड़ इलाके के ट्राई-जंक्शन पर एक जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई।



इसके अलावा, यह ध्यान रखना उचित है कि वर्तमान मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों द्वारा 19 नक्सलियों, जिनमें से तीन इनामी थे, को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। जारी की गई जानकारी के अनुसार, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 219वीं और 150वीं बटालियन और कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन-सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई) की 201वीं बटालियन की संयुक्त टीमें शामिल थीं।

अधिकारियों ने बताया कि जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में 14 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि पांच को भेज्जी पुलिस थाना सीमा के भीतर रविवार को हिरासत में लिया गया। सुरक्षा बलों ने 14 कैडरों से तीन जिलेटिन की छड़ें, 300 ग्राम बारूद, कॉर्डेक्स तार, डेटोनेटर, बिजली के तार और बैटरी भी जब्त कीं।

## राहुल गांधी को मोहन यादव ने बताया फुस्सी बम

**रांची, 08 नवम्बर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को झारखंड में चुनावी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंन राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें फुस्सी बम बताया और कहा कि उनमें दम नहीं हैं। पांकी में जनसभा को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने कहा कि जब रामलला का गर्भगृह में प्रवेश हो रहा था। हेमंत सोरेन कभी गए क्या? इनकी पत्नी को भेजा क्या? कोई एक कांग्रेसी अप्पू चप्पू उनके भाई-बहन कोई गया क्या? कोई नहीं गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वोटिंग वाले दिन इतनी ताकत से बटन दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े।



भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर झारखंड की राजधानी रांची को पाकिस्तानी शहर कराची में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, झारखंड में हिंदुओं को अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण झारखंड में हिंदू आबादी में गिरावट के लिए झामुमो और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर बांग्लादेश से घुसपैठ को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया, इसके अलावा झामुमो और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राज्य में हिंदुओं की घटती आबादी के पीछे होने का आरोप लगाया।

लातेहार में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्हें लगता है कि जनता मूर्ख है। आपका वोट एक नया सवेरा लाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड नंबर एक राज्य बनेगा। कांग्रेस और राहुल पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग लोकतंत्र के खिलाफ हैं, जिनकी दादी ने आपातकाल लगाया था, ये नकली गांधी अपने ही लोगों का अपमान करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जनता ने मन बना लिया है, वह चुनाव में जीतने वाले नहीं हैं।

## कोर्ट में हाजिर होंगे राजस्थान के सीएम, व्यक्तिगत पेशी में छूट वाली याचिका खारिज

**जयपुर।** राजस्थान में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) अदालत ने 2011 के गोपालगढ़ दंगा मामले में अदालत में पेशी से स्थायी छूट की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की याचिका खारिज कर दी है। याचिका में अनुरोध किया गया था कि शर्मा को मुख्यमंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारियों और उनके पद की लगातार यात्रा की मांगों के कारण मामले में भविष्य की सुनवाई के लिए अदालत में उपस्थित होने से बचने की अनुमति दी जाए। हालाँकि, अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि शर्मा की जमानत सम्मन किए जाने पर अदालत में पेश होने के लिए उनकी उपलब्धता पर निर्भर थी। भजनलाल शर्मा, कांग्रेस नेता जाहिदा खान और अन्य को 2011 में भरतपुर जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों के सिलसिले में अग्रिम जमानत दी गई थी।

## भाजपा सरकार बनाने में विफल रहने पर विधायकों को ही खरीद लेती है : तेजस्वी यादव

**चतरा, 08 नवम्बर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि जहां वह सरकार नहीं बना सकती, वहां वह विधायकों को ही खरीद लेती है तथा उसने बिहार में ऐसा ही किया।

यादव ने झारखंड के चतरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में भाजपा सत्ता में आने के लिए मुख्यमंत्री को ही अपने साथ ले गयी। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा के साथ हाथ मिला लेने का जिक्र करते हुए दावा किया, भाजपा जिन राज्यों में सरकार नहीं बना सकती, वहां वह विधायकों को ही खरीद लेती है। बिहार में जब वह सरकार गिराने में विफल हो गयी तब उसने मुख्यमंत्री को ही अपने साथ कर लिया।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 2016 में की गयी नोटबंदी का हवाला देते हुए यादव ने कहा कि वह इसकी बरसी पर, इस कदम से अपनी जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने इस कदम को दुनिया के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला बताया।

राजद नेता ने भाजपा पर देश में विभाजन पैदा करने के लिए नफरत के बीज बोने तथा लोकतंत्र एवं देश के संविधान को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## अपराधियों का संरक्षण सपा का असली चेहराः योगी आदित्यनाथ

**मुरादाबाद, 08 नवम्बर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मुरादाबाद में आयोजित एक सार्वजनिक रैली में समाजवादी पार्टी पर तीखा वार किया। इसके साथ ही उन्होंने सपा कार्यकाल के दौरान प्रगति का विरोध करने और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रैली के दौरान बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर कई आरोप लगाए। उन्होंने मुख्य रूप से पार्टी की दृष्टि में व्याप्त अराजकता और अपराध की संस्कृति पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नो कर्फ्यू, नो दंगा, यूपी में सब चंगा है।

योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को समाज को लाभ पहुंचाने वाले किसी भी अच्छे काम से दिक्कत है। अगर कोई सपा का झंडा लगी गाड़ी देखता है तो समझ लेता है कि इसमें कोई बड़ा गुंडा होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपको उनका संस्कार देखना है तो उनके सोशल मीडिया हैंडल्स देख लीजिए। सभ्य समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सामाजिकता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें जीवन के मूल्य से कोई सरोकार नहीं है; उन्हें किसानों से कोई सरोकार नहीं है। उनका मतलब खाली जमीन पर कब्जा करना है; यदि किसी की फसल अच्छी हो तो उसे कटवाकर घर में रख लें। 7 साल में 64 हजार जमीनें सपा के गुंडों से मुक्त कराई गईं।

भाजपा नेता ने कहा कि सपा की प्रवृत्ति है धोखा देने की। वे जनता-जनार्दन को धोखा देते हैं,



युवाओं को धोखा देते हैं, किसानों को धोखा देते हैं, गरीबों को धोखा देते हैं। उन्होंने दावा किया कि पहले जब भर्ती निकलती थी तो उस भर्ती में सैफई की सूची होती थी। अब उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ की आबादी का कोई भी नौजवान हो, बिना भेदभाव के मेरिट के आधार पर उसको नौकरी मिलती है। योगी ने आरोप लगाया कि हर गुंडा, दंगाई, पेशेवर अपराधी और माफिया आज समाजवादी पार्टी का शागिर्द बन चुका है।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2017 से पहले, उत्तर प्रदेश के युवाओं को सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रशासन के तहत पहचान संकट का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, "अब यूपी को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है।" उन्होंने रोजगार-मुक्त राशन प्रदान करने के भाजपा सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना पर प्रकाश डाला, जिससे 10 करोड़ निवासियों को लाभ हुआ है।






# शांति और विकास के लिए विज्ञान के साथ अध्यात्म जुड़े



-ललित गर्ग

## शांति और विकास के लिये विश्व विज्ञान दिवस-10 नवम्बर, 2024

शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस हर साल 10 नवंबर को मनाया जाता है। विश्व विज्ञान दिवस का प्रस्ताव पहली बार 1999 में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व विज्ञान सम्मेलन के दौरान रखा गया था। यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इस बात पर चर्चा की गई कि विज्ञान समाज पर किस प्रकार प्रभाव डालता है और समाज के लिये अधिक उपयोगी हो सकता है। इसी उद्देश्य से विज्ञान की अहमियत को सामने लाना और विज्ञान से जुड़े मुद्दों पर आम लोगों की बहस को बढ़ावा देकर इस दिन के जरिए, विज्ञान को समाज एवं व्यक्ति से और ज्यादा करीबी से जोड़ा गया है। यह दिन हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए युग की समस्याओं एवं चुनौतियों का समाधान करता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे विज्ञान जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और प्राकृतिक आपदाओं जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने में मदद करता है। यह युवाओं को विज्ञान का पता लगाने और दुनिया कैसे काम करती है, इस बारे में जिज्ञासा विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। जागरूकता बढ़ाकर, विश्व विज्ञान दिवस लोगों को समाज पर वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के सकारात्मक प्रभाव की सराहना करने के लिए एक साथ लाता है। लेकिन अब इस दिवस के साथ अध्यात्म को भी जोड़ा जाना चाहिए।

तेजी से बदलती दुनिया में कई महत्वपूर्ण कारणों से हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान महत्वपूर्ण है और समाज पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है। विज्ञान दिवस उन वैज्ञानिकों और शोधकताओं की कड़ी मेहनत को मान्यता देता है जिन्होंने ज्ञान और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने में मदद की है। यह दिन वैज्ञानिकों, शिक्षकों और जनता के बीच टीमवर्क को बढ़ावा देता है ताकि वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए विश्वास और समर्थन का निर्माण किया जा सके। विज्ञान दिवस मनाकर, हमारा उद्देश्य सभी में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रेम-संबंध को प्रेरित करना है, जिससे एक अधिक आदर्श, संतुलित एवं शांतिपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। वैज्ञानिक खोजें दुनिया भर में शांति और विकास में सहयोग करते हुए लोगों को नई वैज्ञानिक प्रगति के बारे में बताती है। गरीबी, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य चुनौतियों जैसी वैश्विक समस्याओं को हल करने के लिए विज्ञान के जिम्मेदाराना उपयोग को प्रोत्साहित भी करती है। वैज्ञानिक इस उल्लेखनीय नाजुक ग्रह एवं सृष्टि के बारे में हमारी समझ को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे हम अपना घर कहते हैं और हमारे समाजों को अधिक टिकाऊ बनाने में भूमिका निभाते हैं।

शांतिपूर्ण और स्थायी समाज के लिए विज्ञान की भूमिका पर जन जागरूकता को मजबूत करते हुए यह दिवस विभिन्न देशों के बीच साझा विज्ञान के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देता है। समाज के लाभ के लिए विज्ञान के उपयोग के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना तथा विज्ञान के सामने आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना और वैज्ञानिक प्रयास के लिए समर्थन जुटाना भी इस दिन का ध्येय है।. आज जबकि जलवायु परिवर्तन अरबों लोगों और ग्रह के जीवन के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसके लिये जलवायु परिवर्तन को सकारात्मक मोड़ देने के लिए विश्व समुदायों का निर्माण करने की अपेक्षा है। यह दिवस हमारे दैनिक जीवन पर विज्ञान के प्रभाव का प्रतीक है। यह हमें वैज्ञानिक प्रगति को आकर्षित करने और हमारे ग्रह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र की अधिक गहन समझ को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता है। विज्ञान के जरिए वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद करना और विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करना भी इस दिवस का मकसद रहा है।

यूनेस्को द्वारा 2001 में इसकी घोषणा के बाद से, शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस ने दुनिया भर में विज्ञान के लिए कई ठोस परियोजनाएं, कार्यक्रम और वित्तपोषण उत्पन्न किया है। इस दिवस ने संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद की है, इसका एक उदाहरण यूनेस्को द्वारा समर्थित इजरायल-फिलिस्तीनी विज्ञान संगठन का निर्माण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2024-2033 की अवधि को सतत विकास के लिए विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में घोषित किया है। यह एक स्थायी भविष्य के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का दोहन करने के वैश्विक प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूनेस्को के नेतृत्व में, इस दशक का उद्देश्य बुनियादी और अनुप्रयुक्त विज्ञान, सामाजिक और मानव विज्ञान, साथ ही अंतःविषय और उभरते क्षेत्रों सहित वैज्ञानिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को संगठित करना है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में परिवर्तनकारी बदलाव में योगदान दिया जा सके। वैज्ञानिक साक्षरता को बढ़ावा देने और सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करके, दशक सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और सभी के लिए सुरक्षित, अधिक समृद्ध, शांतिपूर्ण भविष्य की दिशा में काम करने में विज्ञान की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास करता है। निश्चित ही विज्ञान ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार किया है, रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं, असंख्य लोगों की जान बचाई है, कई उद्योगों में अहम भूमिका निभाई है, ऊर्जा और पानी तक पहुंचने में मदद की है, बीमारियों को ठीक करने में मदद की है, चिकित्सा-क्रांति का माध्यम बनकर कर असाध्य बीमारियों को नियंत्रित किया है।

विकास, विज्ञान एवं उपलब्धियों पर सवार आज की दुनिया का एक बहुत बड़ा वर्ग आज भी गरीबी, अभाव, भूखमरी में घुटा-घुटा जीवन जीता है, जो परिस्थितियों के साथ संघर्ष नहीं, समझौता करवाता है। हर वक्त अपने आपको असुरक्षित-सा महसूस करता है। जिसमें आत्मविश्वास का अभाव अंधेरे में जीना सिखा देता है। विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी जटिल स्थितियों में विज्ञान दिवस ने सभी को भोजन देने में मदद की है, शांति एवं सह-जीवन के निर्माण में मदद की है। विज्ञान दिवस को अधिक उपयोगी एवं प्रासंगिक बनाने की अपेक्षा है। अब तक विज्ञान अध्यात्म से अछूता रहा है, जिसके कारण विज्ञान के वास्तविक परिणाम सामने नहीं आ पाये हैं। जरूरत है अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वित प्रयत्नों की, आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्वों के निर्माण की। नये सत्यों को खोजने की। न्यूटन से कहा गया- ह्यआपने बहुत से नियम खोजे हैं। उन्होंने बहुत मार्मिक उत्तर दिया- ह्यतुम लोग कुछ भी कहो। लेकिन मेरी स्थिति तो समुद्र के तट पर खड़े उस बालक जैसी है, जो समुद्र के किनारे पड़ी सीपियों को बटोर रहा है। किन्तु विशाल समुद्र के गर्भ में छिपे रत्न उससे बहुत दूर हैं। विज्ञान की स्थिति भी अध्यात्म के बिना लगभग ऐसी ही है। विज्ञान एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व तभी अधिक प्रासंगिक हो सकेगे जब चेतना की खोज, मानव की खोज होगी। आज इसकी सर्वाधिक अपेक्षा है। मानव की खोज बहुत कम हुई है। वैज्ञानिकों ने जितने परीक्षण किये हैं, चूहों पर, मेढकों और बन्दरों पर किए हैं। सारे प्रयोग पशुओं पर हुए हैं। मनुष्य को उसने अपनी प्रयोग भूमि नहीं बनाया। मनुष्य को समझने का सबसे कम प्रयत्न हुआ है। अब आवश्यकता है कि मानव का भलीभांति अध्ययन हो। मानवीय मस्तिष्क का अध्ययन उसमें प्रमुख बने। हमारी सारी शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति, तकनीकी विकास, सारे जीवन-मूल्य-इनका अधिष्ठाता प्रतिष्ठाता तो मनुष्य का मस्तिष्क है, नाड़ीतंत्र है, ग्रंथितंत्र है। इन सबका अध्ययन तो नहीं किया जा रहा है, समझने का प्रयत्न नहीं किया जा रहा है, सारी रिसर्च पदार्थ पर हो रही है। यह मूल में भूल है। फिर समस्या का समाधान कैसे होगा? आवश्यक है मानव और मानवीय चेतना का अध्ययन। जिस दिन यह हमारी वृत्ति बनेगी उस दिन अध्यात्म और विज्ञान, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक व्यक्तित्व की युति बनेगी, दोनों का योग बनेगा, दोनों एक बनेंगे, तभी विश्व विज्ञान दिवस मनाना सार्थक होगा। आध्यात्मिक गुफा में मौन बैठा रहेगा और वैज्ञानिक अणुबम बनाता रहेगा तो उस अणुबम की अणुधूलि उस गुफा तक भी पहुंचेगी। इसलिए आज की अपेक्षा है कि हर विद्यार्थी वैज्ञानिक बने किन्तु कोरा वैज्ञानिक न बने, आध्यात्मिक वैज्ञानिक बने। आज हर धर्म संस्थान में जाने वाले व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह केवल आध्यात्मिक न बने, उसका दृष्टिकोण वैज्ञानिक बने। इन दोनों का योग ही वर्तमान की सारी समस्याओं-जलवायु परिवर्तन, युद्ध, हिंसा, आतंक, गरीबी, महामारियों का समाधान है और यही विज्ञान दिवस का पहला प्रयत्न या पहला प्रस्थान अधिक उपयुक्त हो सकता है।

# तालिबान से सुधर रहे है भारत के संबंध, अफगानिस्तान से चाबहार पर भी हो रही है चर्चा



अशोक भाटिया

भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब से मुलाकात की और उनके देश के व्यापारिक समुदाय के लिए ईरान स्थित चाबहार पोर्ट का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया. इसके साथ ही भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने काबुल को मानवीय सहायता बढ़ाने पर भी चर्चा की. यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान विभाग के संयुक्त सचिव जे पी सिंह के नेतृत्व में अफगानिस्तान गया था. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान बताया कि मुल्ला मोहम्मद याकूब से मुलाकात के अलावा भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई और अन्य वरिष्ठ मंत्रियों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रमुखों से भी बातचीत की. जायसवाल ने कहा, 'उनकी चर्चा का मुख्य विषय भारत की मानवीय सहायता और चाबहार पोर्ट का अफगानिस्तान के व्यापारिक समुदाय द्वारा कैसे उपयोग किया जा सकता है. इसपर आधारित था.'

भारत ने 2021 से अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान शासन को आधिकारिक रूप से मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है, जिसमें गेहूं, दवाइयां और चिकित्सा सामग्री शामिल हैं.जायसवाल ने कहा, श्मैं यहां यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि अफगानिस्तान को मानवीय सहायता प्रदान करना हमारे सहायता कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. पिछले कुछ महीनों और वर्षों में हमने कई मानवीय सहायता सामग्री भेजी हैं. हमारे अफगानिस्तान के लोगों के साथ गहरे संबंध हैं और ये संबंध हमारी नीति को हमेशा मार्गदर्शन देते रहेंगे.इस साल की शुरूआत में, भारत ने ईरान के साथ चाबहार पोर्ट के विकास और संचालन के लिए 10 साल का एक समझौता किया था, जिसे भारत ने अपनी सहायता से बनाया था.

भारत और तालिबान के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। अब इसका उल्टा असर तालिबान और पाकिस्तान के संबंध पर पड़ रहा है। इसका सबूत आज ही कतर की राजधानी दोहा में दिखा, जब तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने भारत की तारीफ की। उन्होंने अफगाानिस्तान पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भारत के समर्थन को लेकर धन्यवाद दिया। यह घटना बताती है कि कैसे पर्दे के पीछे बहुत कुछ चल रहा है। भारत 2021 के बाद से तालिबान के साथ जुड़ने को लेकर काफी सतर्क रहा है। भारत ने तालिबान के साथ सिर्फ उतनी ही दोस्ती की, जो रणनीतिक रूप से उचित हो। यही कारण है कि आज अफगानिस्तान में भारत का प्रभाव पाकिस्तान से ज्यादा है।

जब अगस्त 2021 में तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया तो सभी को लगा कि इसका सबसे बड़ा नुकसान भारत को होगा। पाकिस्तान के राजनेता और कई एक्सपर्ट खुशियां मनाने लगे थे कि भारत का अफगानिस्तान में किया गया करोड़ों डॉलर का निवेश डूब जाएगा। हालांकि, भारत ने इसे एक चैलेंज के रूप में लिया और तालिबान के साथ सीमित संपर्क स्थापित किया। भारत ने शुरू में काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। हालांकि, उपस्थिति बनाए रखने के महत्व को पहचानते हुए भारत ने अपना दूतावास फिर से खोल दिया और काबुल में एक तकनीकी टीम तैनात की। इसके बाद भारत ने अफगानिस्तान की स्थिति को देखते हुए मानवीय सहायता प्रदान की। इसके तहत अफगानिस्तान को गेहूं और दवाइयों समेत कई जरूरी सामान भेजे गए। हालांकि, इस काम में पाकिस्तान ने अपनी तरफ से खूब अड़चन पैदा करने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। 2023-24 में, भारत ने अफगान सहायता के लिए लगभग 24 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए, जो अफगान लोगों का समर्थन करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत, अफगानिस्तान के क्षेत्रीय सहयोगी के रूप में सामने आया और कई तरह से मदद की। काबुल में तालिबान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए, भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका पर जोर दिया। यह जुड़ाव क्षेत्र में भारत की सक्रिय कूटनीति को उजागर करता है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत ने अफगानिस्तान के विकास में 3 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जिसमें जालरांज-डेलाराम राजमार्ग जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, कनेक्टिविटी और व्यापार मार्गों को बढ़ाना शामिल है। यह दीर्घकालिक निवेश अफगानिस्तान की प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपने सहायता प्रयासों के बावजूद, भारत सुरक्षा खतरों के बारे में सतर्क रहा है। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य उग्रवादियों जैसे समूहों के साथ तालिबान के संबंध महत्वपूर्ण चिंता का विषय हैं। हालांकि, तालिबान का यह रुख कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, अप्रत्यक्ष रूप से भारत का समर्थन करता है। तालिबान और पाकिस्तान के बीच लगातार बिगड़ते संबंधों ने भारत को बड़ा मौका प्रदान किया है। ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, सीमा मुद्दों और टीटीपी की गतिविधियों पर तालिबान और पाकिस्तान के बीच हालिया असहमति भारत को रणनीतिक लाभ प्रदान करती है। भारत की सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति ने भी इसमें भूमिका निभाई है। शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंध ने ऐतिहासिक रूप से सद्भावना को बढ़ावा दिया है। हालांकि, हाल ही में वीजा मुद्दों से दोनों देशों के रिश्तों में कुछ तनाव जरूर आया है, लेकिन ये तकनीकी कारणों से हुआ है, न कि संबंधों के स्तर पर। इसके बावजूद इन चुनौतियों का समाधान करने से अफगानिस्तान में भारत का प्रभाव और मजबूत हो सकता है। भारत और अफगानिस्तान को जोड़ने में क्रिकेट एक महत्वपूर्ण सॉफ्ट पावर टूल रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग में राशिद खान और मोहम्मद नबी जैसे अफगान खिलाड़ियों ने बहुत नाम और पैसा कमाया है, जिससे दोनों देशों के बीच साझा सांस्कृतिक और खेल संबंध को बढ़ावा मिला है। आज अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम की गिनती दुनिया के शक्तिशाली टीमों में होती है। इसका पूरा श्रेय भारत को जाता है। अफगानिस्तान की टीम भारत में रहती है और भारत की सहायता से अपने क्रिकेट के गुर को और बेहतर बना रही है। हाल में ही टी-20 विश्वकप में अफगानिस्तान के प्रदर्शन को सभी ने सराहा

अफगानिस्तान में तालिबान का नियंत्रण क्षेत्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा करता है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का संभावित पुनरुत्थान भी शामिल है। भारत की चल रही सतर्क कूटनीति का उद्देश्य इन जोखिमों को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान भारत विरोधी गतिविधियों का अड्डा न बने। क्षेत्रीय सम्मेलनों और पहलों में भारत की भागीदारी अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास के लिए सहयोगी समाधानों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सामूहिक सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए यह जुड़ाव महत्वपूर्ण है। शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों का समर्थन करना भारत की सॉफ्ट पावर रणनीति का आधार रहा है। लोगों के बीच इन संबंधों को बढ़ाने से अफगानिस्तान में भारत का प्रभाव और समर्थन काफी हद तक बढ़ सकता है।

अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार को इस्लामिक एमिरेट्स ऑफ अफगानिस्तान के नाम से जाना जाता है. तालिबान ने हथियार के दम पर अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता हथियाई थी. अफगानिस्तान के दौरे पर गए जेपी सिंह ने तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई से भी मुलाकात की.

बुधवार को काबुल में जेपी सिंह और मोहम्मद याकूब मुजाहिद की द्विपक्षीय मुलाकात के बाद तालिबान के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री के प्रशासक ने अपने ऑफिस में भारत से आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की.बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों, खासतौर पर मानवीय सहयोग का दायरा बढ़ाने की इच्छा जताई. इसके अलावा अफगानिस्तान और भारत के संपर्कों को और बढ़ाने पर चर्चा की.याकूब भारत के साथ रक्षा संबंधों को मतबूत करने की इच्छा पहले ही जता चुके हैं.

जेपी सिंह का इस साल यह दूसरा अफगानिस्तान दौरा था.इससे पहले उन्होंने मार्च में भी काबुल की यात्रा की थी. इस दौरान उन्होंने काबुल में मुत्ताकी और करजई से मुलाकात की थी. तालिबान के सत्ता संभालने के बाद भारतीय अधिकारी कम से कम पांच बार अफगानिस्तान की यात्रा कर चुके हैं.इस तरह की पहली यात्रा जून 2022 और दूसरी यात्रा अक्तूबर 2022 में हुई थी. इस साल जनवरी में काबुल में आयोजित अफगानिस्तान रिजनल कोऑपरेशन इनिशिएटिव में भी भारत शामिल हुआ था. अफगानिस्तान में सत्ता हथियाने के बाद यह तालिबान की ओर से पहला अतंरराष्ट्रीय आयोजन था. इसमें भारत समेत 11 देश शामिल हुए थे.

दिल्ली में अफगानिस्तान का दूतावास पिछले साल अक्तूबर से बंद है. दूतावास बंद होने से पहले कहा गया था कि भारत सरकार से उसे समर्थन नहीं मिल रहा है.दूतावास में तैनात अफगान अधिकारियों के आपसी विवाद और अंदरूनी कलह के बीच यह कदम उठाया गया था.इनमें से कुछ अधिकारी तालिबान प्रशासन के लिए काम करने के इच्छुक थे. दूतावास ने कामकाज करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और मुश्किल बताया था.इसके बाद से ही तालिबान नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में अपना एक राजनयिक नियुक्ति करने के लिए भारत से इजाजत मांग रहा है. उसका कहना है कि भारत और अफगानिस्तान के अच्छे संबंध दोनों देशों और उनके लोगों के लिए अच्छा है.यह तब हो रहा है जब अफगानिस्तान का अपने पड़ोसी पाकिस्तान के साथ संबंध लगातार खराब होते जा रहे हैं.वहीं चीन ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता दे रखी है.चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस साल 30 जनवरी को चीन के लिए तालिबान के आधिकारिक राजदूत असदुल्लाह बिलाल करीमी का लेटर ऑफ क्रेडिंशियल स्वीकार किया था.

काबुल में बुधवार का घटनाक्रम इस बात का परिचायक है कि भारत अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दिए बिना भी मानवीय सहायता के साथ-साथ पुनर्निर्माण के काम में शामिल होने का इच्छुक है.तालिबान के सत्ता में आने से पहले भारत अफगानिस्तान में 400 से अधिक परियोजनाएं चला रहा था. ये परियोजनाएं अफगानिस्तान के सभी 34 प्रांतों में चल रही थीं.भारत ने अफगानिस्तान की संसद का भी निर्माण करवाया था. उसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. भारत अफगानिस्तान ने शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में भी मदद की है. भारत ने अफागानिस्तान में करीब चार अरब डॉलर का निवेश किया हुआ है.

# अपराध और अपराधियों को बचाने में अधिकारियों की संलिप्तता



-प्रियंका सौरभ

**इन दिनों हम देखते है कि देश भर में उच्च पदों पर बैठे कुछ अफसरों के भ्ष्टार्चार और यौन अपराधों में खुद के शामिल होने और अपराधियों को बचाने में उनकी सलिंप्तता के मामले बढ़ते जा रहे हैं जो देश और समाज के लिए सही संकेत नहीं हैं। आखिर कौन-सी वजह हैं कि उच्च पद आसीन व्यक्तित्व (सभी नहीं) इन घिनौनी हरकतों को रोकने कि बजाय खुद इनको अंजाम देने पर तुले हैं। ऐसे में लिप्त अधिकारी के बारे में नकारात्मक बातें कर लोग उसकी अवहेलना करने लगते हैं। अवहेलना के कारण अधिकारी के प्रति अविश्वास पैदा होता है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस हिरासत में साक्षात्कार मामले में हाईकोर्ट ने पाया कि पुलिस अधिकारियों ने अपराधी को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग करने की अनुमति दी और साक्षात्कार के लिए स्टूडियो जैसी सुविधा प्रदान की जो अपराध को महिमामंडित करने जैसा है।**

जब अधिकारी अनैतिक आचरण में लिप्त होते हैं, तो कानून प्रवर्तन में जनता का भरोसा कम होता है, जिससे संस्थाओं में विश्वास टूटता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (2023) की रिपोर्ट में पुलिस भ्रष्टाचार को भारत के सार्वजनिक संस्थानों में अविश्वास का एक प्रमुख कारण माना गया है। जब कानून प्रवर्तन अपराधियों को बचाता है, तो यह दो-स्तरीय न्याय प्रणाली बनाता है, जहाँ शक्तिशाली लोग परिणामों से बच निकलते हैं। वोहरा समिति की रिपोर्ट (1993) ने अपराधियों, राजनेताओं और पुलिस के बीच सांठगांठ का खुलासा किया, जिससे कानून प्रवर्तन की अखंडता से समझौता हुआ।

अपराधियों को बचाने में शामिल अधिकारी पीड़ितों को न्याय से वंचित करने में योगदान करते हैं, जिससे दंड से मुक्ति का चक्र चलता रहता है। बिहार और यूपी (2022-23) में हाल ही में हुए हाई-प्रोफाइल मामलों में पुलिस की संलिप्तता प्रभावशाली अपराधियों को बचाने और न्याय में देरी करने में देखी गई है। इस तरह का अनैतिक व्यवहार पुलिस बल के भीतर भ्रष्टाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे संभावित रूप से संस्थागत अपराध को बढ़ावा मिलता है। मुंबई पुलिस (2021) के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों ने उजागर किया कि कैसे वित्तीय लाभ के लिए अपराधियों को बचाया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिए जाने की सार्वजनिक जानकारी से अराजकता बढ़ती है और सामाजिक अशांति पैदा होती है, जिससे शासन व्यवस्था कमजोर होती है। उत्तर प्रदेश में (2023) हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए, जब पुलिस द्वारा स्थानीय माफि या समूह को संरक्षण दिए जाने की रिपोर्टें सामने आईं।

पुलिस अधिकारियों के लिए मूल्य-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने से उनमें नैतिक व्यवहार और ईमानदारी पैदा हो सकती है, जिससे भ्रष्टाचार कम हो सकता है। दूसरा एआरसी (2008) पेशेवर जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए पुलिस प्रशिक्षण में नैतिक मॉड्यूल की सिफारिश करता है। आंतरिक निगरानी और पुलिस शिकायत प्राधिकरण जैसे बाहरी निकायों को मजबूत करना अनैतिक व्यवहार के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रकाश सिंह मामले (2006) ने पुलिस सुधारों को जन्म दिया, जिसमें स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा सुनिश्चित करने से अधिकारी बिना किसी प्रतिशोध के डर के अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है। व्हिसल-ब्लोअर सुरक्षा अधिनियम (2014) भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले लोक सेवकों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करता है।

अपराधियों को बचाने वाले अधिकारियों के लिए कठोर कानूनी दंड लगाना एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जो नैतिक मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। 2023 में, यूपी पुलिस ने आपराधिक साजिशों में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जो शून्य-सहिष्णुता के दृष्टिकोण का संकेत देता है। बॉडी कैम और स्वचालित निगरानी जैसे प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को लागू करने से वास्तविक समय की निगरानी प्रदान करके पुलिस के कदाचार को रोका जा सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य पुलिस की जवाबदेही बढ़ाने के लिए बॉडी कैमरा अपना रहे हैं। समुदाय-पुलिस भागीदारी को मजबूत करने से विश्वास को बढ़ावा मिलता है और समुदायों को अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की अनुमति मिलती है। केरल में जनमैत्री सुरक्षा परियोजना बेहतर पुलिस-समुदाय सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे भ्रष्टाचार के मामले कम होते हैं। कानून प्रवर्तन में नैतिक अखंडता का निर्माण करने के लिए संस्थागत सुधार, जवाबदेही तंत्र और कदाचार को रोकने के लिए मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षण और सामुदायिक जुड़ाव द्वारा समर्थित नैतिकता की संस्कृति जनता के विश्वास को बहाल करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है।

ज्ञान, तर्कसंगतता और नैतिक उत्कृष्टता के प्रति समर्पण के अपने स्तर पर निर्भर करता है। आदर्श नैतिक आचरण से कम कुछ भी विभाग, समुदाय और पूरे राष्ट्र के लिए विनाशकारी हो सकता है। जबकि अधिकारी केवल इंसान हैं और गलतियाँ करते रहेंगे, नैतिक कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अपने अधिकारियों के नैतिक व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए, एजेंसियों के पास तीन बुनियादी सिद्धांत होने चाहिए। सबसे पहले, उनके पास एक नीति होनी चाहिए जो उनके नैतिक मिशन को स्पष्ट करती हो और ऐसे मानक तय करती हो जिनका अधिकारियों को पालन करना चाहिए। दूसरा, मजबूत और नैतिक नेतृत्व मौजूद होना चाहिए और उसे लागू किया जाना चाहिए। ये अधिकारी विभाग के लिए माहौल बनाते हैं और उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करते हैं, नैतिक मार्ग के बदले कभी भी आसान रास्ता नहीं चुनते। तीसरा, एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नैतिक लोगों को नियुक्त करें और उन लोगों के साथ उचित तरीके से पेश आएँ जो नैतिक नहीं हैं। एक नैतिक संगठन को मौजूदा नीतियों और मानकों का ईमानदारी से पालन करने, प्रदर्शन के किसी व्यक्तिगत या सामूहिक पैटर्न का पता लगाने की क्षमता की आवश्यकता होगी जो उस अपेक्षा से कम हो और उन लोगों से निपटने का साहस जो उन विफलताओं के लिए ज़िम्मेदार हैं।

# क्रिकेट अकादमी का चुनाव कैसे करें?



क्रिकेट की लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। क्रिकेट दुनिया भर के कई देशों में खेला जाता है। भारत में कई माता-पिता सोचते हैं कि उनके बेटे और बेटियां भी अच्छी जगह क्रिकेट खेलें और इसमें अपना करियर बनाएं। क्रिकेट इतना आसान नहीं है। हालाँकि, कड़ी मेहनत से, हम अपने लड़कों और लड़कियों को क्रिकेट में करियर बनाने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान कर सकते हैं। हमारे लड़कों और लड़कियों के लिए सही क्रिकेट अकादमी चुनना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि सही अकादमी उन्हें कौशल प्रदान कर सकती है और उन्हें बढ़ावा दे सकती है । खेल में रुचि बढ सकती है । इसके लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार किया जाना चाहिए। :-

प्रशिक्षकों की गुणवत्ता और अनुभव

प्रमाणित कोचः जांचें कि क्या कोच के पास मान्यता प्राप्त क्रिकेट संगठनों से प्रमाणपत्र और बच्चों को कोचिंग देने का अनुभव है।

पेशेवर पृष्ठभूमिः

पेशेवर या राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके कोचों से उन्नत तकनीक और मैच रणनीतियाँ सीखने का अवसर मिलता है।

प्रशिक्षण शैलीः

यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या कोच बच्चों को प्रोत्साहित करते है और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रशिक्षण देते है। पेशेवर क्रिकेट खेल चुके कोच ही केवल अच्छे कोच नहीं होते हैं, बल्कि कई ऐसे कोच भी होते हैं, जो शीर्ष स्तर पर नहीं खेले होते हैं , लेकिन कोचिंग की अच्छी कला के कारण वे बहुत अच्छे खिलाड़ी तैयार करते हैं। वे अपने खिलाड़ियों को अपने पास मौजूद कौशल सिखाते हैं, कोचिंग एक अलग कहानी है और कई लोगों ने शीर्ष स्तर पर खेले बिना भी अच्छे कोचिंग कौशल हासिल किए हैं। ऐसे कोच भी दुनिया भर में मशहूर हो रहे हैं । उनसे प्रशिक्षित कई खिलाड़ी शीर्ष स्तर पर अच्छे खिलाड़ी बनकर उभर रहे हैं।

सुविधाएँ और बुनियादी ढाँचा

अभ्यास पिचें और नेट्स : अकादमी में क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए पर्याप्त अभ्यास पिचें, नेट्स और पर्याप्त जगह होनी चाहिए।

इनडोर और आउटडोर सुविधाएंः अच्छी अकादमियों में इनडोर सुविधाएं होती हैं, जिससे खराब मौसम या ऑफ-सीजन में भी अभ्यास जारी रखा जा सकता है।

फिटनेस और कंडीशनिंग सुविधाएंः क्रिकेट के लिए अच्छे शारीरिक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, इसलिए फिटनेस सुविधाओं वाली अकादमियां बच्चों की सहनशक्ति और ताकत में सुधार कर सकती हैं।

व्यक्तिगत ध्यान और छोटे समूह

छात्र-प्रशिक्षक अनुपातः छोटे समूह प्रशिक्षकों के लिए प्रत्येक बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान देना आसान बनाते हैं।

अनुकूलित प्रशिक्षण योजनाः कुछ अकादमियाँ बच्चे की उम्र, कौशल स्तर और स्थान के आधार पर अनुकूलित प्रशिक्षण योजनाएँ प्रदान करती हैं, जिससे प्रगति में तेजी आती है।

समग्र विकास पर जोर

कौशल प्रशिक्षणः बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कौशल का संरचित पाठ्यक्रम होना चाहिए।

मैच की रणनीति और मानसिकताः युवा खिलाड़ियों को मैच की रणनीति, मैच की स्थितियों और मानसिक तनाव से निपटने के बारे में सिखाना महत्वपूर्ण है।

शारीरिक और मानसिक कंडीशनिंगः एक ऐसी अकादमी खोजें जो फिटनेस प्रशिक्षण, गति, लचीलेपन और मानसिक तनाव के प्रबंधन पर केंद्रित हो। खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है।

सफल इतिहास और प्रतिष्ठा

उल्लेखनीय खिलाड़ी और सफलता की कहानियाँः जांचें कि क्या अकादमी ने उल्लेखनीय खिलाड़ी तैयार किए हैं या क्या उनके छात्र (खिलाड़ी) जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति कर रहे हैं।

सामुदायिक प्रतिष्ठा : वर्तमान या पूर्व छात्रों (एथलीटों) के माता-पिता से बात करके अकादमी के प्रशिक्षण वातावरण और अनुशासन के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सुरक्षा एवं रखरखावः-

सुरक्षित वातावरणः अकादमी में उचित उपकरणों का उपयोग, सुरक्षात्मक उपकरणों का उपयोग और सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

बाल मैत्रीपूर्ण दृष्टिकोणः बच्चों को ऐसे वातावरण की आवश्यकता होती है जो सुरक्षित और उत्साहवर्धक लगे, जो उनके विकास और खेल के आनंद को बढ़ाए।

प्रगति की निगरानी और प्रतिक्रिया

नियमित कौशल मूल्यांकनः अच्छी अकादमियाँ नियमित कौशल मूल्यांकन करती हैं, ताकि प्रत्येक लड़के और लड़की की प्रगति की जाँच की जा सके।

फीडबैक सत्रः लड़कों और लड़कियों की प्रगति की समीक्षा करना और माता-पिता के साथ फीडबैक सत्र आयोजित करने से लक्ष्य निर्धारित करना आसान हो जाता है और खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है। स्थान एवं समय सारिणी

निकटतम स्थानः लंबी यात्रा के समय से बचने के लिए जितना संभव हो उतना करीब एक अकादमी चुनें।

लचीली अनुसूचीः स्कूल और अन्य प्रतिबद्धताओं वाले बच्चों के लिए लचीले अभ्यास समय वाली अकादमियाँ खोजें।

आप अकादमी में जाकर, कुछ सत्र देखकर और प्रशिक्षकों से बात करके एक सूचित निर्णय ले सकते हैं। सही अकादमी बच्चों की क्रिकेट में रुचि और भविष्य की प्रगति के लिए एक ठोस आधार प्रदान कर सकती है।

कैसी और कौन सी अकादमी चुनें यह हर किसी के लिए एक व्यक्तिगत प्रश्न है, लेकिन यदि आप ऊपर बताए गए बिंदुओं के आधार पर अकादमी की तलाश करते हैं, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप अपने बच्चों का अच्छी तरह से विकास कर सकते हैं !! केवल फर्जी अकादमियों से संपर्क न करें। अपने लड़कों और लड़कियों के लिए ऐसी अकादमियाँ चुनें जिनमें वास्तव में अच्छे कोच हों या ऐसी अकादमियाँ चुनें जिनमें बुनियादी सुविधाएँ हों, ताकि आपके खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल हो !!!

**-डॉ. गोकुलसिंह गिरासे, क्रिकेट कमेंटेटर**

## पवई तालाब पर छठव्रतियों की सेवा कर संजय सिंह ने जीता दिल




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सूयोर्पासना के लोकपर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर उत्तर भारतीय समाज की प्रतिनिधि संस्था उत्तर भारतीय संघ के उपाध्यक्ष संजय सिंह के कुशल नेतृत्व में पवई तालाब पंचकुटीर के सामने छठव्रतियों के पूजा हेतु सेवा केंद्र स्थापित किया गया। जिसके तहत पूजा सामाग्री, दूध, केला, गन्ना, यातायात सुविधा, महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने का रूम व अन्य जन उपयोगी सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तगणों ने सुविधा का लाभ लिया। स्वर्गीय आर.एन. सिंह की प्र तिमा को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर विशेष अतिथि संतोष आर.एन. सिंह (अध्यक्ष उत्तर भारतीय संघ) ने उपस्थित भक्तगणों का आभार व्यक्त कर पूजा समाग्री वितरण किया। अन्य अतिथिगण जितेन्द्र सोनवने (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पवई) अक्षयवर तिवारी, विनोद मिश्रा, प्रहलाद पांडे, कमलेश यादव, ध्रुवनारायण पांडे, विपिन सिंह, नरेंद्र सिंह, चंदा सिंह, किरन अमरजीत सिंह, नीतू संतोष सिंह, सोनल सिंह, पोपट तिवारी, रोहित उपाध्याय व अन्य गणमान्य उपस्थित थे। छठ पूजा समापन पर संजय सिंह द्वारा निर्सग संस्था पवई के सहयोग से पूरे घाट की सफाई की गयी। संजय सिंह ने बीएमसी, पवई पुलिस ट्रैफिक, पुलिस व सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

## डाबर ने महिला स्वास्थ्य जागरूकता के लिए छठ पूजा के दौरान 'स्वस्थ नारी सशक्त नारी' अभियान शुरू किया

**मुंबई/पटना।** अपनी दिल को छू लेने वाली सामाजिक पहलों को एक कदम आगे बढ़ाते हुए, दुनिया की सबसे बड़ी विज्ञान-आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने बिहार के सबसे प्रतिष्ठित त्योहार छठ पूजा को बहुत ही अनोखे तरीके से मनाया। बिहार के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करते हुए, प्रमुख पोषण टॉनिक डाबर दशमूलारिष्ट ने छठ पूजा के दौरान एक मेगा महिला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान - स्वस्थ नारी सशक्त नारी (एसएनएसएन) शुरू किया। इस पहल के तहत, डाबर ने त्यौहार के दौरान दशमूलारिष्ट एक्टिवेशन स्टॉल लगाया था। स्टॉल के बीच में एक बड़ी टोकरी रखी गई थी, जहाँ लोगों ने महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने की शपथ ली। स्टॉल पर आने वाले लोगों ने अपनी शपथ लेने के बाद टोकरी में फूल रखे, जो उनके परिवार की महिलाओं की भलाई की देखभाल करने के उनके वादे का प्रतीक था। श्री अजय सिंह परिहार, वाइस प्रेसिडेंट, डाबर ओटीसी एंड आयुर्वेद ने कहा, डाबर इंडिया की ओर से हम बिहार के लोगों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहते हैं, जो न केवल बिहार का बल्कि पूरे क्षेत्र का सबसे बड़ा त्योहार है। यह सबसे कठिन त्योहारों में से एक है, क्योंकि व्रत रखने वाली महिलाओं को प्रसाद खाने के बाद 36 घंटे तक बिना पानी के उपवास करना पड़ता है। महिलाओं को अक्सर घर के कामों और कई मामलों में पेशेवर जिम्मेदारियों का दोहरा बोझ उठाना पड़ता है। छठ पूजा उनके समर्पण का एक उदाहरण है, और यह उनके लिए अपने स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को भी उजागर करता है। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने अपने स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण पहलों में से एक स्वस्थ नारी संकल्प शुरू किया है।

## कॅम्पस लेकर आए नया ब्राण्ड कैंपेन मूव यॉर वे विक्की कौशल के साथ; युवाओं को फैशन के जरिए अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित करता है

**मुंबई/पटना।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, ने आज ब्राण्ड अम्बेसडर विक्की कौशल के साथ अपनी नई ब्राण्ड कैंपेन फिल्म का अनावरण किया। कैंपेन की फिल्म युवाओं की भावनाओं पर रोशनी डालते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है। अभियान फिल्म 'मूव योर वे' की अवधारणा पर केंद्रित है-- एक ऐसा विचार जिसके माध्यम से ब्राण्ड अपने व्यक्तित्व, अपने अंदाज, और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह पर चलने का संदेश देता है। यह युवाओं को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा करने और अपने बनाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी असली पहचान को अपनाते हैं, जिंदगी खुद ही हमें इनाम देने का तरीका ढूंढ लेती है। फिल्म की शुरूआत विक्की कौशल के साथ होती है, जो एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ मीटिंग में हैं और अपने अनूठे अंदाज में, आत्मविश्वास के साथ फिल्म की भूमिका पर चर्चा करते नजर आते हैं। जैसे ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना प्रस्ताव रखते हैं, विक्की अपनी ही दुनिया में खोये हुए नजर आते हैं। जब उन्हें लगता है कि विक्की कोई रूचि नहीं दिखा रहे, तब वे उन्हें डबल रोल, यहां तक कि ट्रिपल रोल ऑफर करते हैं। इस बीच अचानक, विक्की डांस करने लगते हैं, फिर रुकते हैं और मुस्कराते हुए अपने स्टाइलिश कॅम्पस शूज की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं डैम गुड शूज, यार! डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों हैरान रह जाते हैं। फिल्म एक प्रभावशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, ह्वेन यू मूव योर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।, कॅम्पस मूव यॉर वे।

## गोदरेज लअफेयर ने दिल को छू लेने वाली दिवाली फिल्म सेलेब्रेटिंग एक्सेप्टेंस के साथ एलजीबीटीक्यूआईए+ के सभी रिश्तों को स्वीकार करने का संदेश दिया

**मुंबई/पटना।** दीयों की लौ से चमकते बाजारों से लेकर घरों में तैरती त्यौहारी व्यंजनों की खुशबू तक, दिवाली प्यार, रोशनी और एकजुटता का एक ऐसा उत्सव है जो दिलों और परंपराओं को जोड़ता है। इसी दौर में गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप (जीआईजी) के स्वामित्व वाले अनुभवात्मक मीडिया लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म गोदरेज लह्यअफेयर ने दिवाली पर अपने #सेलेब्रेटिंग एक्सेप्टेंस अभियान को जारी रखते हुए इस उत्सव की रंगीनी को और बढ़ा दिया है। गोदरेज लह्यअफेयर का यह अभियान प्यार और रिश्तों के जरिये दिल को छू लेने वाले संदेश को बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाने में कामयाब नजर आ रहा है। फिल्म का उद्देश्य एक समलैंगिक जोड़े की भावनात्मक यात्रा को चित्रित करते हुए रिश्तों में स्वीकृति और समानता के सही अर्थ को प्रदर्शित करना है। ऐसी दुनिया में जहाँ रूढ़ियाँ और पूर्वाग्रह आज भी कायम हैं, गोदरेज लअफेयर एक आकर्षक ब्रांड फिल्म के माध्यम से इन पूर्वाग्रहों को चुनौती देना चाहता है।

# अणुशक्तिनगर में सना मलिक के समर्थन में उतरे अजित पवार और नवाब मलिक, किया भव्य रोड शो



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अणुशक्तिनगर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमा गया है। गुरुवार की शाम राकांपा की उम्मीदवार सना मलिक के समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार और नवाब मलिक पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक भव्य रोड शो का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

रोड शो के दौरान अजित पवार और नवाब मलिक ने जनता से अपील की कि वे सना मलिक को वोट दें और अणुशक्तिनगर के विकास के लिए उन्हें समर्थन दें। अजित पवार ने कहा, ‟सना मलिक हमारे क्षेत्र की एक सक्रिय और जिम्मेदार उम्मीदवार हैं। वह जनता के मुद्दों को समझती हैं और उनके समाधान के लिए पूरी मेहनत करेंगी।

इस दौरान नवाब मलिक ने भी जनता को संबोधित करते हुए कहा, ‟सना मलिक आपके क्षेत्र की आवाज हैं और एनसीपी की एक मजबूत उम्मीदवार हैं। उन्हें जिताने से अणुशक्तिनगर में विकास की गति तेज होगी और लोगों की समस्याओं का समाधान होगा।

रोड शो के दौरान समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था। सना मलिक को क्षेत्र के लोगों का व्यापक समर्थन मिला और जगह-जगह पर कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। अणुशक्तिनगर में इस रोड शो के बाद सना मलिक की स्थिति को और भी मजबूत माना जा रहा है। अब देखना यह है कि इस जनसमर्थन को एनसीपी वोटों में बदलने में कितना सफल होती है।

# महाराष्ट्र में झूठ, लूट, फूट की सरकार है : योगेंद्र यादव

**पालघर।** स्वराज इंडिया के प्रमुख योगेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन पर महाराष्ट्र में झूठ, लूट, फूट की सरकार चलाने का आरोप लगाया है। पालघर जिले के दहानु में बृहस्पतिवार को मौजूदा विधायक विनोद निकोल के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से वित्तीय वादों से प्रभावित होने के बजाय मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर वोट देने का आग्रह किया। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने निकोल को दहानु से फिर से उम्मीदवार बनाया है। यादव ने मौजूदा सरकार को झूठ, लूट, फूट वाली सरकार करार दिया और आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग विनाशकारी नीतियां लागू कर रहे हैं। विधायक निकोल ने कहा, विकास की आड़ में भाजपा और उसके सहयोगियों ने आम लोगों को धोखा दिया है।उन्होंने लोगों से अपील की, यहां के आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ना हमारा कर्तव्य है और हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं ने एकनाथ शिंदे सरकार की जनजातीय नीतियों की निंदा की तथा उन पर राजनीतिक लाभ के लिए जनजातीय अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया।

## कल्याण ग्रामीण राजेश मोरे का चुनाव प्रचार जोरों पर



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** इस समय राज्य में चुनाव प्रचार चल रहा है और देखा जा रहा है कि कार्यकर्ता अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कल्याण ग्रामीण सीट पर महायुति ने शिंदे सेना के राजेश मोरे को चुनावी मैदान में उतारा है।

आज शुक्रवार को महिला कार्यकताओं ने रैली निकाली राजेश मोरे के लिए प्रचार किया। कल्याण ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के चक्की नाका नेतिवली, पत्रीपुल, सूचक नाका आदि परिसर में महिला कार्यकताओं ने एक रैली के माध्यम से प्रचार किया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथ को मजबूत करने और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के आदेशानुसार महिला कार्यकताओं ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि वे बहुमत के साथ कल्याण ग्रामीण में राजेश मोरे को जीत दिलाएंगी।

# टाउन हॉल में उमड़ा जनसमर्थन, पंकजा मुंडे के भाषण से भाजपा की जीत का संकल्प

## उल्हासनगर के विकास के लिए कुमार आयलानी को विजयी बनाये: मुंडे




**चेतन निर्मल**

**उल्हासनगर(उत्तरशक्ति)।** उल्हासनगर के टाउन हॉल में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पंकजा ताई मुंडे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। सभा का आयोजन 141 उल्हासनगर विधानसभा मतदार संघ के समर्थन में किया गया था, जहां भाजपा के साथ शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, आरपीआई, पीआरपी और अन्य मित्र पक्षों ने एकजुटता दिखाते हुए हिस्सा लिया। सभा के दौरान पंकजा ताई मुंडे ने अपने भाषण से जनमानस में जोश भरते हुए, भाजपा के कमल निशान को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कुमार आयलानी के लिए समर्थन मांगा और कहा कि यह चुनाव क्षेत्र के विकास और उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उनके वक्तव्य के बाद समूचा जनसमूह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, सभा के अन्य वक्ताओं ने भी जनता को संबोधित करते हुए आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की पुरजोर अपील की। उन्होंने बताया कि मतदान 20 नवंबर 2024 को आयोजित होगा,

जिसका समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान, उपस्थित जनसमूह ने आगामी चुनाव में भाजपा की जीत के प्रति अपना पूरा भरोसा और उत्साह प्रकट किया।

## साकीनाका मेट्रो स्टेशन के समीप स्थित नाले में कचरे का अंबार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** एक तरफ मुंबई में विधानसभा चुनाव का प्रचार जोरों से शुरू हो गया है वहीं दूसरी तरफ उपनगर की अनेक झोपड़पट्टियों में गंदगी का अंबार बढ़ता जा रहा है। कमोवेश यही हालत साकीनाका मेट्रो स्टेशन के पास की नाले की है। बता दें कि यह नाला लगातार कचरे के ढेर से भर गया है । जिसके कारण यहां बीमारी फैलने की संभावना बढ़ गई है। बताया जाता है कि यह समस्या कई वर्षों से स्थानीय लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। मनपा के कर्मचारी इस नाले को जेसीबी की मदद से साफ करने के बाद इसमें से एक से दो ट्रक कूड़ा निकालते हैं। लेकिन दो-चार दिन में ही यह नाला फिर से कूड़े-कचरे से लबालब भर जाता है। राकांपा चांदीवली तालुका के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने का कहना है कि यह समस्या लंबे अरसे से होने के बावजूद इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है नाले का का गंदा पानी कूड़े के साथ सड़क पर आ जाता है और निवासियों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है।. बरसात के दिनों में तो समस्या और भी गंभीर हो जाती है और हल्की बारिश में भी इलाके में पानी भर जाता है. चूंकि यह पूरा नाला खुले रूप में है। जिसके कारण जल्द ही कचरे के ढेर से भर जाता है। राकांपा नेता सुरेंद्र सिंह ने मनपा एल विभाग और सेंट्रल एजेंसी के अधिकारियों से इस नाले की साफ सफाई जल्द से जल्द किए जाने की मांग की है।



शिवशक्ति सामाजिक संघटना प्रमुख, समाजसेवी संजय पाटील के जन्मदिन के मौके पर पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत भीमनगर में स्थित कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उत्तर क्षेत्रीय संस्था प्रमुख अरविंद सिंह क्षत्रिय के साथ रामनरेश यादव, लाल प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, घनश्याम सिंह, जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोणे आदि। छायांकन : उत्तरशक्ति

## छठ पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला आस्था का महापर्व संपन्न



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़े धूमधाम के साथ नदी तालाबों के विभिन्न घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते शुक्रवार 8 नवंबर 2024 को संपन्न हो गया। बतादें कि चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व से राजा प्रियव्रत की एक पौराणिक कहानी जुड़ी हुई है। इस पौराणिक कहानी के अनुसार पष्ठी व्रत रखकर और विधि-विधान के साथ छठी माता की पूजा-अर्चना किया जाता है।रामायण और महाभारत में भी छठ पूजा से जुड़ीं कहानियां मिलती हैं। छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला एक आस्था का बड़ा पर्व है। दिवाली के 6 दिनों बाद छठ पूजा की शुरूआत होती है। हमें कई पौराणिक कहानियों में मिलता है।त्रेतायुग में माता सीता और द्वापर युग में द्रौपदी ने छठ पूजा व्रत रखकर सूर्यदेव को अर्ध्य दी थी।पौराणिक कथा के अनुसार, राजा प्रियव्रत बहुत दुखी थे क्योंकि उनके कोई संतान नहीं थी। उन्होंने महर्षि कश्यप को अपनी समस्या बताई। महर्षि कश्यप ने उन्हें पुत्रेष्टि यज्ञ कराने की सलाह दी। यज्ञ के दौरान, आहुति के लिए बनाई गई खीर रानी मालिनी को खाने को दी गई। खीर खाने से रानी गर्भवती हुईं और उन्होंने एक पुत्र को जन्म दिया। लेकिन दुर्भाग्य से, बच्चा मृत पैदा हुआ। राजा प्रियव्रत पुत्र के शव को लेकर श्मशान घाट गए और दुख में डूबकर अपने प्राण त्यागने ही वाले थे कि तभी ब्रह्मा जी की मानस पुत्री देवी षष्ठी प्रकट हुईं। देवी ने राजा से कहा, मैं सृष्टि की मूल प्रवृत्ति के छठे अंश से उत्पन्न हुई हूँ, इसलिए मेरा नाम षष्ठी है। तुम मेरी पूजा करो और लोगों में इसका प्रचार-प्रसार करो। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी को रखा जाने लगा व्रत देवी षष्ठी के कहने पर, राजा प्रियव्रत ने कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को विधि-विधान से उनका व्रत किया। देवी की कृपा से, उन्हें जल्द ही एक स्वस्थ पुत्र की प्राप्ति हुई। राजा ने पुत्र को पुन प्राप्त करने के बाद नगरवासियों को षष्ठी देवी का प्रताप बताया। तब से पष्ठी देवी की आराधना और उनके व्रत की शुरूआत हुई। इस छठ महापर्व के सकुशल संपन्न होने पर विश्व हिंदू परिषद पालघर जिला मंदिर एवं अर्चक पुरोहित आयाम संपर्क प्रमुख गणेश राणा सभी भक्तों एवं पुलिस प्रशासन को बधाई दी।

## भिवंडी पूर्व विधानसभा सीट के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रईस शेख के चुनाव कार्यालय पर पत्रकार परिषद

### हमारा किसी से मुकाबला नही है एकतरफा चुनाव है : रईस शेख




**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र के गैबीनगर स्थित समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रईस शेख के चुनाव कार्यालय पर पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया जिसमें 5 सूत्रीय योजना के साथ गारंटी कार्ड को दशार्या गया । बतादें कि इस पत्रकार परिषद में भिवंडी लोकसभा के सांसद सुरेश म्हात्रे (बाल्या मामा) , शिवसेना शहर प्रमुख (उद्धवठाकरे) प्रसाद पाटिल , सपा उम्मीदवार रईस शेख , इम्रान खान , सीपीआई , राष्ट्रवादी पार्टी , कांग्रेस आदि पार्टियों के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय यादव ने पंच सूत्रीय योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यदि महाविकास आघाडी की सरकार बनती है तो महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत 3 हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जायेगी इसी तरह बेरोजगार युवको को 4 हजार रुपये तथा कुटुंब रक्षण योजना के तहत 25 लाख तक अरोग्य बीमा दवा मुफ्त , जातिगत जनगणना तथा 50% आरक्षण समाप्त करने का प्रयास , किसानों के लिए 3लाख तक का कर्ज माफ आदि जानकारी दी गयी । वहीं पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल सपा की मुख्य लडाई किससे है तो रईस शेख ने जवाब देते हुये कहा कि हमारी लडाई किसी से नहीं है हमने पांच साल में जो विकास कार्य किया है मतदाता उसी पर मतदान करेगी हमारा चुनाव एकतरफा है ।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

